खंड 13
DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को हमारा नमस्कार,

अक्तूबर माह में प्रवेश करते हुए अकादमिक उत्कृष्टता बनाए रखने के लिए धन्यवाद। हमारे वर्चुअल वातावरण में शिक्षा का शानदार अनुभव प्रदान करने में हमारे DCSD शिक्षकों और परिवारों द्वारा साथ मिलकर प्रतिदिन किए जा रहे निरंतर प्रयासों से मुझे प्रेरणा मिलती है।

**व्यक्तिगत शिक्षा के लिए स्कूलों का पुनःआरंभ**

स्कूल वर्ष के पहले कुछ महीने विद्यार्थियों, माता-पिता/अभिभावकों, और स्टाफ के लिए चुनौतीपूर्ण रहे हैं; हालांकि, साथ मिलकर, हमने एकजुट होने और नित नए तरीकों की खोज के लिए सभी चुनौतियों का सामना अवसर समझ कर किया है ताकि हमारे विद्यार्थियों को शिक्षा का उच्चतम अनुभव प्राप्त होता रहे। जैसा कि अकसर बताया जाता है, इस अनिश्चित समय में हमारे स्टाफ, विद्यार्थियों, और परिवारों की सुरक्षा और कल्याण सदैव से हमारी प्राथमिकता रही है।

जैसा कि आप पहले से जानते हैं, 13 जुलाई को डिस्ट्रिक्ट ने बोर्ड की प्रत्येक बैठक के दौरान सभी हितधारकों के साथ मासिक तौर पर नई जानकारी साझा करने का वादा किया था। 14 सितंबर को आयोजित बोर्ड की बैठक के दौरान, डिस्ट्रिक्ट ने चरणबद्ध योजना का अनावरण किया और उसके ऊपर चर्चा की गई। एक बार प्रति 100,000 DeKalb काउंटी निवासियों का 14-दिन का औसत 100 या कम होने पर, डिस्ट्रिक्ट अगले चरण में बढ़ने के लिए संक्रमण प्रक्रिया आरंभ कर सकता है लेकिन उससे पहले नहीं। मेरे नेतृत्व में, कोविड-19 पुनःआरंभ टास्क फोर्स द्वारा प्रतिदिन डेटा के रुझानों पर निगरानी रखी जाती है और इस बात को स्वीकार किया जाता है कि 12 सितंबर को प्रति 100,000 DeKalb काउंटी निवासियों का 14-दिन का औसत जो कि 122 था उसमें 2 अक्तूबर को भारी गिरावट देखने को मिली है।

लगातार गिरावट की अपेक्षा में, डिस्ट्रिक्ट द्वारा हमारे स्टाफ, विद्यार्थियों, और परिवारों को अगले चरणों में भेजने के लिए तैयार करने वास्ते निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा:

**कार्यवाही**
हर दो सप्ताह में चिकित्सा विशेषज्ञों के परामर्श समूह के साथ बैठक का सिलसिला जारी रहेगा
परामर्श समूहों के साथ बैठकों का सिलसिला जारी रहेगा
स्टाफ को सूचना भेजी जाएगी
स्टाफ को 2-सप्ताह में कार्य के हाइब्रिड वातावरण में वापसी की सूचना भेजी जाएगी
चरण II आरंभ किया जाएगा: कार्य का हाइब्रिड वातावरण (10, 11, और 12-माह वाला स्टाफ)
माता-पिता/अभिभावक ***वापसी की इच्छा सूचना*** इलेक्ट्रॉनिक तौर पर वितरित की जाएगी
चरण III आरंभ किया जाएगा: कार्य का पारंपरिक वातावरण प्रति सप्ताह 5 दिन (10, 11, और 12-माह वाला स्टाफ)
आधा दिन डिजिटल शिक्षा
बीटा समूह के लिए एक-दिवसीय हाइब्रिड शिक्षा का वातावरण आरंभ किया जाएगा
चयन अपनाने वाले सभी विद्यार्थियों के लिए एक-दिवसीय हाइब्रिड शिक्षा का वातावरण आरंभ किया जाएगा और जिन विद्यार्थियों ने चयन को नहीं अपनाया उनके लिए दूरस्थ/सुदूर शिक्षा जारी रखी जाएगी

कृपया ध्यान दें कि अपेक्षित समयरेखा कोविड-19 डेटा और चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य एजेंसियों की ओर से जारी स्वास्थ्य संबंधी ताज़ा दिशानिर्देश के आधार पर बदली जा सकती है। 19 अक्तूबर को कोविड-19 टास्क फोर्स शिक्षा बोर्ड और सभी हितधारकों को मासिक तौर पर नई जानकारी प्रदान करेगी।

**कोविड-19 पुनःआरंभ टास्क फोर्स अकसर पूछे जाने वाले प्रश्न**

**प्रश्न: डिस्ट्रिक्ट द्वारा किस प्रकार से समुदाय में प्रसार के स्तर का निर्धारण किया जाता है?**
**उत्तर:** समुदाय में प्रसार के स्तर का निर्धारण करने वास्ते कोविड-19 पुनःआरंभ टास्क फोर्स 14-दिवसीय अवधि के दौरान DeKalb काउंटी के प्रति 100,000 निवासियों में कोविड-19 के सूचित, पुष्टि प्राप्त मामलों की करीब से निगरानी रखती है।

**प्रश्न: समुदाय में प्रसार के स्तर क्या हैं?**
**उत्तर:** Georgia जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा निम्नलिखित रूप से समुदाय प्रसार के स्तरों को परिभाषित किया गया है:
बहुत अधिक: प्रति 100,000, 100 से अधिक मामले
न्यूनतम/सामान्य: प्रति 100,000, 6-100 मामले
नहीं/कम: 1-5 मामले

**प्रश्न: समुदाय प्रसार क्षेत्रों के प्रत्येक स्तर में शिक्षा के अनुशंसित मॉडल क्या हैं?**
**उत्तर:** खतरे के क्षेत्र अर्थात, "बहुत अधिक प्रसार" में दूरस्थ/सुदूर शिक्षा का वातावरण कायम रखा जाता है। इस क्रियान्वयन को लक्षित रूप से किया जा सकता है जिसमें संपूर्ण स्कूल डिस्ट्रिक्ट प्रभावित होता है या एकमात्र स्कूल। इसकी अवधि छोटी या बहुत अधिक हो सकती है।

औसत खतरे के क्षेत्र अर्थात, "न्यूनतम/सामान्य प्रसार" में निम्नलिखित विकल्प शामिल हैं: पूर्ण दूरस्थ/सुदूर शिक्षा, हाइब्रिड, या पारंपरिक। हाइब्रिड शिक्षा के वातावरण के तहत विद्यार्थी बारी-बारी आमने-सामने और घर-बैठे दूरस्थ/सुदूर शिक्षा प्राप्त करते हैं। न्यूनतम/सामान्य प्रसार में अन्य विकल्प होता है पारंपरिक, जिसका अर्थ है वातावरण को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सोशल डिस्टेन्सिंग और न्यूनीकरण रणनीतियों के क्रियान्वयन के संबंध में व्यक्तिगत शिक्षा प्रदान करना।

सुरक्षित क्षेत्र अर्थात "कम या कोई प्रसार नहीं" में सक्रिय रूप से सुरक्षा संबंधी नियमों का क्रियान्वयन करते हुए पारंपरिक शिक्षा का वातावरण प्रदान किया जाता है।

**प्रश्न: डिस्ट्रिक्ट द्वारा अगले चरण में संक्रमण कब किया जाएगा?**
**उत्तर:** डिस्ट्रिक्ट अभी भी "बहुत अधिक प्रसार" श्रेणी में आता है। इस बात को स्वीकार करते हुए कि संख्या में लगातार गिरावट आ रही है, डिस्ट्रिक्ट क्रमिक रूप से और सुरक्षा के साथ स्टाफ और विद्यार्थियों के पुनःप्रवेश की तैयारी में जुटा हुआ है। लगातार 6-100 (औसत खतरा) के बीच मामले आते रहने पर डिस्ट्रिक्ट हाइब्रिड वातावरण में संक्रमण कर जाएगा। कृपया ध्यान दें कि 100 से अधिक मामले आने पर खतरे के क्षेत्र में संक्रमण होगा और इसके कारण हाइब्रिड मॉडल हटाया जा सकता है या मामलों की संख्या 6 से नीचे जाने पर सुरक्षित क्षेत्र में संक्रमण किया जा सकता है।

**प्रश्न: हाइब्रिड शिक्षा आरंभ होने पर, विद्यार्थियों की व्यवस्था किस प्रकार से की जाएगी?**
**उत्तर:** सोशल/फिजिकल डिस्टेन्सिंग की आवश्यकताओं और सुरक्षा संबंधी दिशानिर्देशों का पालन करने वास्ते स्कूल अल्फा ऑर्डर के आधार पर दो समूहों में सभी कक्षाओं का आयोजन करेंगे। भाईयों और/या बहनों के समय का तालमेल बिताने के लिए स्थानीय स्कूल परिवारों का सहयोग करेंगे। दोनों हाइब्रिड मॉडलों में (प्रति सप्ताह एक दिन और प्रति सप्ताह दो दिन), बुधवार का दिन छोटे समूह को अनुदेश देने, शिक्षा प्रदान करने, विद्यार्थी सम्मेलन के लिए अपॉइंटमेंट, माता-पिता सम्मेलन, सेवाएं, व्यावसायिक शिक्षा, सहयोगपूर्ण योजना और अनुदेशात्मक योजना के लिए आरक्षित किया जाएगा।

**प्रश्न: विशेष शिक्षा और 504 विद्यार्थियों को आमने-सामने की सेवाएं कब प्राप्त होंगी?**
**उत्तर:** हाइब्रिड शिक्षा का वातावरण हमारे विशेष शिक्षा विद्यार्थियों और 504 विद्यार्थियों को हाइब्रिड दिवसों पर डिस्ट्रिक्ट को स्कूल में व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगा। वाक भाषा, शारीरिक चिकित्सा, व्यावसायिक चिकित्सा, और व्यवहार समर्थन। ढांचे और दिनचर्या में बदलाव के कारण चरणों के बीच संक्रमण के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने वास्ते हमारा बौद्धिक विकलांगता संपर्क और स्वलीनता/व्यवहार सपोर्ट स्टाफ परिवारों और शिक्षकों के साथ सहयोग करेगा।

**प्रश्न: कक्षा, स्कूल, या क्लस्टर में महामारी फैलने पर डिस्ट्रिक्ट द्वारा किस प्रकार से कार्यवाही की जाएगी?**
**उत्तर:** यदि स्कूल आधारित स्टाफ का कोई सदस्य या विद्यार्थी का कोविड-19 टेस्ट पॉज़िटिव आता है, तो स्कूल और/या कक्षा के ऊपर लक्षित प्रभाव पड़ेगा जिसमें कुछ समय के लिए दूरस्थ/सुदूर शिक्षा और कार्य के वातावरण में संक्रमण शामिल हो सकता है।

**प्रश्न: स्टाफ के किसी सदस्य या विद्यार्थी में कोविड-19 के लक्षण दिखाई देने पर डिस्ट्रिक्ट द्वारा किस प्रकार से कार्यवाही की जाएगी?**
**उत्तर:** स्टाफ के किसी सदस्य या विद्यार्थी में लक्षण दिखाई देने पर, उस स्टाफ सदस्य या विद्यार्थी को तुरंत आइसोलेट कर दिया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट द्वारा Georgia जन स्वास्थ्य विभाग, DeKalb जन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र की ओर से जारी दिशानिर्देशों का पालन किया जाएगा।

**प्रश्न: पुनःप्रवेश की तैयारी करते हुए क्या विद्यार्थियों के लिए रैपअराउंड सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी?**
**उत्तर:** हाँ, विद्यार्थियों की सफलता सुनिश्चित करने वास्ते स्कूलों को समर्थन प्राप्त होना जारी रहेगा। विद्यार्थी की सफलता को प्रभावित करने वाली रुकावटों को समाप्त करने के लिए स्कूल सामाजिक कार्यकर्ता, मनोचिकित्सक, परामर्शदाता और अन्य सपोर्ट स्टाफ शिक्षकों और व्यवस्थापकों के साथ करीब से कार्य करेगा।

**प्रश्न: स्कूल में पुनःप्रवेश करने की योजना बनाते हुए मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बहुत महत्वपूर्ण विषय होगा। इस प्रयास में डिस्ट्रिक्ट द्वारा किस प्रकार से सहायता की जाएगी?**
**उत्तर:** स्थानीय स्कूलों में स्टाफ के लिए युवा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता में प्रशिक्षण प्रदान करने वास्ते डिस्ट्रिक्ट प्रतिबद्ध रहेगा। वर्चुअल प्रशिक्षण के साथ ही आमने-सामने के सत्रों के लिए मॉड्यूलों का विकास किया जा रहा है।

**प्रश्न: पुनःप्रवेश चरण के दौरान माता-पिता किस प्रकार से संपर्क में रहेंगे?**
**उत्तर:** माता-पिता के लिए रणनीतियां और सर्वश्रेष्ठ अभ्यास साझा करने वास्ते माता-पिता और परिवार सहभागिता वर्चुअल प्लैटफॉर्म का उपयोग जारी रखेगी। पुनःप्रवेश के संबंध में सबसे ताज़ा जानकारी के लिए भी स्कूल डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट सबसे बढ़िया संसाधन है।

**प्रश्न: क्या स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा परिवारों के लिए अनुवाद और दुभाषिया सहायता प्रदान की जाती है?**
**उत्तर:** हाँ। दस्तावेज़ों के अनुवाद के लिए स्थानीय स्कूलों को अंग्रेज़ी विद्यार्थी विभाग से संपर्क करना चाहिए। दुभाषियों का आवंटन उन स्कूलों के लिए किया जाता है जहां बड़ी संख्या में अंग्रेज़ी विद्यार्थी मौजूद हों। ऐसे सहायक स्कूलों के लिए अतिरिक्त समर्थन का अनुरोध किया जा सकता है जहां ऐसे परिवार अधिक संख्या में हों जिनकी मातृभाषा अंग्रेज़ी नहीं है (PHLOTE)।

**प्रश्न: क्या पतझड़ में आयोजित होने वाले खेलकूद में भाग लेने वाले विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा में भाग ले पाएंगे?**
**उत्तर:** हाँ, डिस्ट्रिक्ट द्वारा एक अक्तूबर से प्रतिस्पर्धा आरंभ करने वास्ते विश्वविद्यालय में पतझड़ में आयोजित होने वाले खेलकूद की अनुमति प्रदान की जाएगी। कोविड-19 हेल्थ टीम गतिविधियों के जारी रहने और दर्शकों को अनुमति देने से जुड़ा निर्णय देने के लिए डेटा पर निगरानी जारी रखेगी।

**प्रश्न: "सहायक समूहों" की क्या परिभाषा होती है?**
**उत्तर:** सहायक समूहों का संबंध मार्चिंग बैंड से होता है। स्कूलों में डांस टीमें, फ्लैग कॉर्प, पेप टीमें, मेजरेट, और ड्रिल टीमें होती हैं जो फुटबॉल के खेलों में भाग लेती हैं।

**प्रश्न: क्या नाटक, वाद-विवाद और नृत्य/थिएटर से जुड़े विद्यार्थियों को अभ्यास करने की अनुमति है?**
**उत्तर:** हाइब्रिड एक दिवसीय या दो दिवसीय चरण आरंभ होने पर सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां (समाचारपत्र, संगीत प्रदर्शन, कला प्रदर्शनी, नकली परीक्षण, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, गणित टीम, स्पेलिंग बी, विज्ञान मेला, रोबोटिक्स, और इंजीनियरिंग टीम और प्रतियोगिताएं) बहाल की जाएंगी। विद्यार्थी स्कूल में उपस्थित रहने के लिए उन्हें आवंटित दिन(नों) पर भाग ले पाएंगे। हम ऐसी सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और पाठ्येतर गतिविधियों (क्लब स्पोर्ट्स सहित) का समाधान निकालने के लिए स्थानीय स्कूल के व्यवस्थापकों से सहयोग जारी रखेंगे जिन्हें GHSA की ओर से मंजूरी नहीं प्रदान की गई है।

**प्रश्न: पॉड का क्या अर्थ होता है?**
**उत्तर:** पॉड में पॉड गतिविधि की संपूर्ण अवधि के लिए एक ही समूह के व्यक्ति शामिल होने चाहिए। पॉड समूहीकरण वास्ते निदेशकों और कमांडरों द्वारा विद्यार्थियों का पूर्व-आवंटन किया जाना चाहिए। पॉड असाइनमेंट में हर दिन बदलाव नहीं किया जाना चाहिए। किसी अन्य व्यक्ति के पॉड से स्थायी रूप से हटने पर पॉड में स्थायी व्यवस्था की जा सकती है। प्रवेश/निकासी स्थानों पर किसी भी प्रकार की रुकावट समाप्त करने वास्ते पॉड रिहर्सल का समय एक प्रारूप में निर्धारित किया जाना चाहिए, जिससे कि उपकरणों को सेनीटाइज़ करने और उचित भंडारण करने, और कमरे में हवा की उचित अदला-बदली (20 मिनट) में मदद मिले।

**प्रश्न: क्या स्कूल डिस्ट्रिक्ट की ओर से सफाई संबंधी नियम प्रदान किए गए हैं?**
**उत्तर:** स्कूलों और ऑफिस भवनों की बेहतर सफाई और कीटाणुनाशन के लिए डिस्ट्रिक्ट की ओर से सफाई संबंधित दिशानिर्देश प्रदान किए गए हैं। सफाई संबंधित नियम स्थापित किए गए हैं जिनमें अधिक स्पर्श किए जाने वाले और बारंबार उपयोग किए जाने वाले क्षेत्रों को सेनीटाइज़ करना शामिल है।

**प्रश्न: स्कूलों के लिए कोविड-19 संबंधित क्या सामान उपलब्ध है?**
**उत्तर:** बिज़नेस सर्विसेज़ विभाग ने स्कूल पुनःआरंभ करने वास्ते आवश्यक कोविड-19 संबंधी सामान की आपूर्ति की है। इसमें हैंड सेनीटाइज़र, सफाई और कीटाणुनाशन संबंधी सामान, मास्क, दस्ताने और सुरक्षा और सफाई के लिए अन्य वस्तुएं शामिल हैं। बिज़नेस सर्विसेज़ विभाग स्कूलों और सुविधाओं के लिए आवश्यकता अनुसार कोविड-19 संबंधी अतिरिक्त सामान के साथ तैयार है।

**प्रश्न: स्कूलों और ऑफिस भवनों के वायु-संचार की समस्या का हल निकालने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?**
**उत्तर:** स्टाफ द्वारा सभी HVAC इकाइयों की हर तीन महीने में मेंटेनेंस की जाती है जिसमें सफाई और फिल्टर में बदलाव शामिल होता है। साथ ही, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र और उद्योग की अनुशंसाओं के अनुसार वायु-संचार बढ़ाने के लिए HVAC इकाइयों को उपयुक्त रूप से समायोजित किया गया है।

**प्रश्न: स्कूल और कार्य पर सुरक्षित रूप से वापस लौटने के लिए क्या एहतियाती उपाय किए गए हैं?**
**उत्तर:** रिसेप्शन डेस्क और सार्वजनिक कार्य स्थलों पर प्लेक्सीग्लास पार्टिशन स्थापित किए जा रहे हैं। अत्यधिक भीड़ वाले क्षेत्रों में हैंड सेनीटाइज़र डिस्पेंसर रखे गए हैं। साथ ही, स्वास्थ्य संबंधी अभ्यासों, नियमों आउट स्वच्छता की याद दिलाने वास्ते संपूर्ण परिसर में सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े संकेत लगाए गए हैं।

**प्रश्न: स्कूल बस की सवारी करने वाले विद्यार्थियों पर कौन से सुरक्षा उपाय लागू होते हैं?**
**उत्तर:** विद्यार्थियों के लिए मास्क पहनना आवश्यक होगा, और बस में सवार होते समय हैंड सेनीटाइज़र उपलब्ध कराया जाएगा। ड्राइवरों और मॉनिटरों के लिए मास्क पहनना आवश्यक होगा और उन्हें फेस शील्ड प्रदान की जाएगी।

**प्रश्न: क्या पात्र विद्यार्थियों को स्कूल आने और जाने के लिए बस परिवहन प्रदान किया जाएगा?**
**उत्तर:** बस रूट में कोई बदलाव नहीं किए गए हैं। हाइब्रिड कार्यक्रम से बसों में सवारियों की संख्या में कमी आएगी और सोशल डिस्टेन्सिंग को बढ़ावा मिलेगा।

**प्रश्न: क्या मेरा बच्चा स्कूल में अपने निजी उपकरण का उपयोग कर सकता है?**
**उत्तर:** DCSD द्वारा गैर-DCSD उपकरणों को मेहमान नेटवर्क का उपयोग करने दिया जाएगा। सभी माता-पिता और विद्यार्थियों को उन उपकरणों की सूची प्रदान की जाएगी जिन्हें स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा उसके नेटवर्क से जुड़ने की अनुमति है। कृपया ध्यान रखें कि डिस्ट्रिक्ट की ओर से निजी उपकरणों की मरम्मत या उनसे जुड़ी सहायता प्रदान नहीं की जाएगी।

**प्रश्न: सुदूर शिक्षा अवधि के दौरान उपकरण के उपयोग से इनकार करने पर भी क्या मेरा बच्चा उपकरण का उपयोग कर पाएगा?**
**उत्तर:** हाँ। डिस्ट्रिक्ट सभी ज़रूरतमंद विद्यार्थियों को उपकरण प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध है। इसके लिए माता-पिता को स्कूल से अनुरोध कर उपकरण उपयोगकर्ता अनुबंध पर हस्ताक्षर करने होंगे। इसके बाद उस विद्यार्थी को उपकरण प्रदान किया जाएगा।

**प्रश्न: स्कूल में रहने के दौरान मेरे बच्चे का उपकरण क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में क्या होगा?**
**उत्तर:** विद्यार्थी अपने निजी उपकरणों के लिए जिम्मेदार होंगे। स्कूल में उपकरण के क्षतिग्रस्त होने से जुड़ी घटनाओं की छानबीन और कार्यवाही स्कूल प्रशासन द्वारा की जाएगी। यदि विद्यार्थी ने डिस्ट्रिक्ट के उपकरण का त्याग नहीं किया है, तो वे उस विद्यार्थी को उपयोग वास्ते उपकरण आवंटित कर सकते हैं।

**प्रश्न: क्या मेरे बच्चे को स्कूल में इंटरनेट कनैक्टिविटी उपकरण (हॉट स्पॉट) की आवश्यकता पड़ेगी?**
**उत्तर:** स्कूल डिस्ट्रिक्ट द्वारा सभी स्कूलों और परिसर में वायरलेस इंटरनेट कनैक्टिविटी प्रदान की जाती है। कनैक्ट करने के लिए विद्यार्थियों को अतिरिक्त उपकरण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

**प्रश्न: क्या मेरे बच्चे को उपयोग के लिए वही वर्चुअल उपकरण प्राप्त होंगे जिनका उपयोग वह स्कूल में करता है?**
**उत्तर:** वर्चुअल शिक्षा के वातावरण में क्लाउड आधारित ऐप्लीकेशनों का उपयोग किया जाता है और जिन तक कहीं से भी और किसी भी समय पहुंचा जा सकता है। इन ऐप्लीकेशनों का उपयोग बाधारहित रूप से किया जा सकता है।

**<u>कोविड 19 चिकित्सा परामर्श समिति की बैठक</u>**

हमारी चिकित्सा परामर्श टास्क फोर्स को विशेष रूप से धन्यवाद जिसने इस सप्ताह समय निकाल कर मेरे साथ वर्चुअल बैठक करने के लिए समय निकाला। इस समिति का उद्देश्य परामर्श प्रदान करना होता है और इसके ऊपर ज़िम्मेदारी होती है कि आमने-सामने के अनुदेश वास्ते समय और परिस्थितियों पर यह ऐसी अनुशंसा प्रदान करने जो सभी विद्यार्थियों, माता-पिता, शिक्षकों, और डिस्ट्रिक्ट के अन्य कर्मचारियों के लिए सबसे उपयुक्त हो। कोविड-19 महामारी के दौरान हमारे स्कूलों के सुरक्षित परिचालन वास्ते सर्वोत्तम अभ्यासों पर चर्चा करने के लिए इस समिति द्वारा माह में दो बार एक (1) घंटा बैठक आयोजित की जाएगी।

इस सप्ताह रिट्रीट में कैबिनेट सदस्यों ने "मैं हूँ" शीर्षक वाली कविताएं साझा की। उन कविताओं के कुछ प्रेरणादायक अंश इस प्रकार से हैं।

**<u>कैबिनेट रिट्रीट</u>**

अंत में, इस सप्ताह मैंने वर्चुअल कैबिनेट रिट्रीट का आयोजन किया। DCSD में विविधता और समावेश और सभी विद्यार्थियों के लिए समानता और पहुँच कायम रखने के तरीकों पर चर्चा करने का यह एक बहुत बढ़िया अवसर था। कई सदस्यों ने जातीय भेदभाव द्वारा विद्यार्थियों की अकादमिक और आजीवन सफलता पर होने वाले प्रभाव को बेहतर रूप से समझने के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। मुझे बहुत अच्छी तरह से पता है कि जाति और समानता से जुड़ी बातचीत हम सभी के लिए कठिन हो सकती है। हालांकि, डिस्ट्रिक्ट सभी विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक समानता के प्रति निरंतर वचनबद्ध है।

आशा करती हूँ आप सभी का सप्ताहांत बहुत बढ़िया बीते। उन अनेक परिवारों को धन्यवाद जिन्होंने समय निकाला और भविष्य की राह में सुरक्षित रूप से बढ़ने के तरीकों पर अपनी राय प्रदान की, और हमारे विद्यार्थियों को धन्यवाद जो प्रतिदिन सुदूर शिक्षा में निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।

आपकी #1 हितैषी,

Cheryl Watson-Harris